an>

Title: Need to provide clearance to broadcast of programmes on education and capacity building by Ministry of Information and Broadcasting and Department of Space in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) : सभापति महोदय, भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग की सलाह और मार्गदर्शन के तहत गुजरात सरकार ने प्रयोग के तौर पर शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लिया था। गुजरात में इस उद्देश्य के लिए काफी बड़ा निवेश किया जा चुका है। इन कार्यक्रमों के जारी रहने के दौरान सरकार को अपेक्षा थी कि इन प्रयोगों को परिणाम के साथ जोड़ा जाए, क्योंकि इन कार्यक्रमों के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक प्रशिक्षण, क्षमता विकास तथा सशक्तिकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

इसलिए सरकार ने इसे आगे बढ़ाने की इच्छा जताई। इस संबंध में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने शिक्षा कार्यक्रमों में डीटीएच पर प्रसारण के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी से संपर्क किया था। गुजरात सरकार ने इस संबंध में अवरचना की स्थापना की है। केन्द्र सरकार द्वारा इस कार्यक्रम को क्लीयरेंस न मिलने की वजह से ये कार्यक्रम पिछले दो साल से लम्बित थे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार से इस संबंध में इजाजत नहीं मिल पाई है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि सरकार तेजी से इस समस्या को सुलझाए, जिससे कि अंतरिक्ष तकनीकी कला प्रदेश के हर कोने तक पहुंच सके तथा समावेशी विकास को बल मिल सके और लोग रोजगार प्राप्त कर सकें।